दिनांक: 22.07.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- आर्थिक सर्वेक्षण में वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल बजट पेश करेंगी–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – बजट 'विकसित भारत' के लिए मजबूत नींव तैयार करेगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में निरन्तर सुधार हो रहा है।
- सावन के पहले सोमवार को आज प्रदेश के कई जिलों में अच्छी वर्षा– उदयपुर और जोधपुर संभाग में भारी बारिश के आसार।

000

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24 में वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2023–24 में अनिश्चित वैश्विक आर्थिक निष्पादन के बावजूद घरेलू वृद्धि कारकों ने आर्थिक विकास में मदद की है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि उत्पाद, व्यापार और सेवाओं के निर्यात में बढोतरी की संभावना है। सर्वेक्षण के अनुसार वस्तु और

सेवाकर–जीएसटी और ऋण शोधन और दिवाला कानून–आईबीसी जैसे ढांचागत सुधार भी परिपक्व हो गये हैं और उनके वांछित परिणाम मिलने लगे हैं। महंगाई के बारे में रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति की मुख्य दर साढ़े चार प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026 में चार दशमलव एक प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए 2024 में मुद्रास्फीति चार दशमलव छह प्रतिशत और 2025 में चार दशमलव दो प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद की वास्तविक दर वर्ष 2020 की तुलना में बीस प्रतिशत अधिक रही है। इस वर्ष भी वृद्धि दर सुदृढ रहने की संभावना है।

000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल संसद में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल पेश किये जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा। संसद के बजट सत्र से पहले संसद के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने फैसला दे दिया है और सभी राजनीतिक दलों को मिलकर अगले पांच वर्षों के लिए देश के लिए खडा होना चाहिए।

..................

000

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि नीट–यूजी पेपर लीक का देश भर में केवल एक मामला पटना में सामने आया है। उन्होंने कहा कि सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है और ये मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने विपक्ष के इन आरोपों का खण्डन किया कि देश में पेपर लीक की घटनाएं बार बार सामने आई हैं। इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ये मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि देश की परीक्षा प्रणाली में बहुत गंभीर समस्याएं है। उन्होंने कहा कि देश में लाखों विद्यार्थी परीक्षाओं और अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हैं।

000

विधानसभा मे आज बिजली कटौती और सरचार्ज माफ करने के मामले पर विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव के जरिये कांग्रेस विधायक अमित चाचाण ने यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है।

उन्होंने बिजली सरचार्ज माफ करने की भी मांग उठाई। इस पर कांग्रेस सदस्य नारे बाजी करते हुए वेल में आ गए। कुछ देर बाद पर्ची के माध्यम से कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने यह मामला उठाते हुए कहा कि बिजली कटौती से गांव की जनता परेशान है। इस पर एक बार फिर कांग्रेस विधायक वेल में आ लगे ओर नारे लगाने लगे। स्पीकर वासुदेव देवनानी द्वारा बिजली के मुद्दे पर अलग से चर्चा कराने के आस्वासन के बाद हंगामा शांत हुआ।

000

----------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में मुख्य राज्य बनेगा। श्री शर्मा आज केकडी में बजट को लेकर आयोजित धन्यवाद सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न क्षेत्रों में निरन्तर सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र में भाजपा ने जो वादे किये हैं, वह सभी वायदे पूरे किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के बजट की विपक्ष के सदस्यों ने भी सराहना की है। कार्यक्रम में जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना समेत कई विधायक उपस्थित रहे।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विद्यार्थियों का आह्वाहन किया है कि वे अपने माता पिता के सपनों को साकार करने के लिए पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करें। श्री दिलावर आज शिक्षा संकुल में वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से प्रदेश के 134 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं के शुभारम्भ कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालयों के अध्यापकों तथा प्राचार्यो को बधाई देते हुए उनसे संवाद भी किया।

000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आज से 28 जुलाई तक छह दिवसीय नटराज महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में रंगमंच, गायन

और नृत्य का संयोजन देखने को मिलेगा। महोत्सव का उद्घाटन आज शाम मनीषा गुलयानी की कथक और मो. अमान की शास्त्रीय गायन प्रस्तुति के साथ होगा। कल से 28 जुलाई तक प्रतिदिन शाम सात बजे से नाटक की प्रस्तुति होगी। कल इश्तियाक खान द्वारा निर्देशित प्रसिद्ध नाटक "द शैडो ऑफ ओथेलो" का मंचन होगा। 25 जुलाई को देशराज गुर्जर द्वारा निर्देशित "गोरधन के जूते" नाटक का मंचन होगा। 26 जुलाई को, योगेंद्र सिंह के निर्देशन में हेनरिक इब्सन द्वारा लिखित बहुचर्चित नाटक "एन एनिमी ऑफ द पीपल" का प्रदर्शन किया जाएगा। 27 जुलाई को प्रसिद्ध नाटक "12 एंग्री मेन" नाटक प्रदर्शित किया जायेगा।

000

सावन माह के पहले सोमवार पर आज विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का **तांता लगा** रहा। जयपुर के ताडकेश्वर और झाड़खंड महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया जा रहा है। महीनेभर चलने वाले इस महोत्सव के तहत विभिन्न पूजा अभिषेक और अन्य धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। सिरोही जिले के शिव मन्दिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर मन्दिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

..................

उधर जालौर जिले में भी रामसीन प्राचीन आपेश्वर महादेव मन्दिर में अभिषेक किया गया। सावन मास शुरू होने के साथ ही टोंक जिले के शिव मन्दिरों में अभिषेक, पूजा–अर्चना करने वालों की भीड जुटने लगी। शहर के महादेव वाली, मंशापूरण महादेव मन्दिर, रामेश्वर शिवालय, बीसलपुर के गोकणेश्वर, धुआ कला के गंगेश्वर महादेव सहित सभी शिवालयों में शिव भक्तों की

कतारें नजर आई। सावन की शुरूआत के साथ ही कावड़ यात्राएं भी शुरू हो गई हैं।

000

आज प्रदेश में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है जिसके चलते कई जिलों में हल्की सी मध्यम बारिश हुई है। आज अजमेर में कई स्थानों पर तेज तो कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। राजधानी जयपुर में भी बादल छाए रहे और कहीं–कहीं हल्की बरसात हुई। भरतपुर, चित्तौड़गढ़, अलवर, करौली, नागौर, बीकानेर, कोटा, हनुमानगढ़ तथा जोधपुर जिलों के अलावा कुछ अन्य जिलों में भी बारिश के समाचार हैं। भीलवाड़ा में कई जगह मूसलाधार तो कहीं–कहीं रिमझिम बरसात हुई। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज सीकर, नागौर तथा अजमेर में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार मानसून ट्रफ लाइन आज जैसलमेर और अजमेर से गुज़र रही है। उदयपुर और जोधपुर संभाग में आज कहीं–कहीं भारी बारिश होने के आसार है। कल और परसों भरतपुर, जयपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। आगामी 24 और 25 जुलाई को कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

000